वन विज्ञान केन्द्र, ओड़िसा, जिला- कोरापुट में उन्नत नर्सरी, बीज प्रौद्योगिकी, वृक्ष सुधार तकनिक एवं कृषि वानिकी पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम

(दि. 04-05 नवम्बर, 2015)

उष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान द्वारा उन्नत नर्सरी, बीज प्रौद्योगिकी, वृक्ष सुधार तकनिक पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दि. 04 नवम्बर, 2015 को एवं कृषि वानिकी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दि. 05 नवम्बर, 2015 को वन विज्ञान केंद्र ओड़िसा, कोरापुट में आयोजित किया गया । इसमें प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के कृषक, गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि, स्वःसहायता समूह के सदस्य तथा वन विभाग के कर्मचारी आदि प्रशिक्षाणार्थी उपस्थित रहे।

डॉ. योगेश्वर मिश्रा, वैज्ञानिक-ई, आनिवांशिकी एवं पादप प्रजनन प्रभाग उ.व.अ.सं., जबलपुर नें हल्दू तथा मुंडी की आर्थिक उपयोगिता एवं अन्य इमारती लकड़ी प्रदान करने वाले वृक्षों के संग तुलनात्मक अध्ययन, वानिकी वृक्ष प्रजातियों का सुधार एवं धन वृक्षों का चयन तथा तेन्दु पत्ते के चयन एव उत्पादन को बढाने हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंनें आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन प्रभाग द्वारा किए जा रहे विभिन्न वानिकी वृक्षों के सुधार संबधी कार्यों से प्रशिक्षार्थियों को अवगत् कराया। डा. मैत्रेयी कुन्डु, वैज्ञानिक-एफ़, की अनुपस्थिति में, डॉ. ननिता बेरी, वैज्ञानिक – ई, ने उच्च गुणवत्ता के पौध उत्पादन हेतु बीजों का चयन तथा भंडारण विषय पर प्रस्तुति द्वारा विभिन्न वानिकी प्रजातियों के बीजों के एकत्रीकरण समय, गुणवत्ता, बीजों के एकत्रीकरण के समय अन्य सावधानियों, उनके प्रमाणीकरण तथा उनके उपचार से संबधित अनेक उपयोगी जानकारियाँ उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को दी। दिनाँक 5/11/2015 को कृषि वानिकी पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान डॉ. ननिता बेरी, वैज्ञानिक – ई, ने मध्य क्षेत्र हेतु उ.व.अ.सं., द्वारा विकसित विभिन्न कृषि वानिकी तकनिकों से अवगत कराया । उन्होने ओड़िसा राज्य हेतु उपयोगी कृषि वानिकी के माडल, लाख की खेती द्वारा आय में वृद्धि तथा कृषि वानिकी के लाभ एवं उसके आर्थिक तथा पर्यावरणीय लाभ से उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया साथ ही विभिन्न कृषि वानिकी तकनिकों को अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया तथा इससे संबधित विभिन्न समस्यायों तथा उनके समाधान की विस्तृत जानकारी उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को दी। सभी प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़ कर चर्चा में भाग लिया ।

उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन श्री अर्थनारी, वन मंडलाधिकारी एवं नोडल अधिकारी वन विज्ञान केंद्र, ओड़िसा नें प्रस्तुत किया साथ ही उन्होने उम्मीद जतायी की उष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान द्वारा किये जा रहे विभिन्न अनुसंधान कार्यो से इसी तरह भविष्य में और प्रशिक्षण कार्यक्रम किये जाते रहेंगे ।

Source: Extension Division

Source: Extension Division